# नीट यूजी 2026 पुनः परीक्षा को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित







**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नीट (यूजी)-2026 परीक्षा की 21 जून 2026 को जिले के 08 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली पुन: परीक्षा के संबंध में 15 जून को एफ.डी.डी.आई. छिंदवाड़ा में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने की।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, अतिरिक्त कलेक्टर धीरेंद्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, नगर निगम कमिश्नर सी.पी. राय, नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा एवं नीट के संयोजक हरि प्रसाद धारकर सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्र अध्यक्ष, उपकेंद्र अध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं वीक्षक भी बैठक में शामिल हुए।

इस अवसर पर नीट परीक्षा के संयोजक हरि प्रसाद धारकर ने परीक्षा से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन, पुलिस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा त्रुटिरहित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत संचालित होगा।

नीट परीक्षा के संयोजक श्री धारकर ने बताया कि परीक्षा केंद्र में केंद्र अध्यक्ष के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं कर सकेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि परीक्षार्थी केवल प्रवेश पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, एक पोस्टकार्ड साइज फोटो एवं पारदर्शी पानी की बोतल ही परीक्षा केंद्र के भीतर ले जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की सामग्री परीक्षा केंद्र में प्रतिबंधित रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के आभूषण भी पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे किसी भी प्रकार की अतिरिक्त सामग्री लेकर परीक्षा केंद्र न पहुंचें।

बैठक के समापन अवसर पर कलेक्टर श्री नारायन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नीट परीक्षा का सफल आयोजन अत्यंत संवेदनशील विषय है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को गंभीरता एवं सजगता के साथ त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से वीक्षण कार्य में लगे शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व की इस परीक्षा में एक भी त्रुटि स्वीकार्य नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली परीक्षा की तरह इस बार भी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने तथा प्रत्येक संदिग्ध गतिविधि पर सावधानीपूर्वक नजर रखने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में नीट परीक्षा संयोजक श्री धारकर ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## घूमता आईना

### नपानि की दुकान लेकर लाखों कमा रहे हैं मालिक, किराए से और निगम को मिलता है हजार पन्द्रह सौ किराया की चर्चा गर्म

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा में चारो तरफ नगर पालिक निगम की दुकाने है लाखों रूपये बोली लगाकर दुकानदारों ने क्रय किया है और नियम एवं शर्तो के अनुसार दुकानदार स्वयं ही अपना व्यवसाय अथवा आफिस संचालित कर सकते है लेकिन छिन्दवाड़ा शहर में या तो अधिकांश लोगों ने लाखों की दुकान करोड़ों में बेच दिया है या फिर नगर निगम को हजार पन्द्रह सौ या दो हजार किराया भुगतान कर अन्य किसी व्यक्ति या व्यापारियों को दुकानें किराये से दे दिया जिसका किराया 20 हजार, 30 हजार यहां तक की कुछ लोग 80 हजार रूपये तक किराया देकर दुकान चला रहे है। सवाल यह उठता है कि यदि दुकानदार को दुकान की जरूरत नहीं है तो नगर निगम को चाहिए कि इसकी जांच कर जरूरतमंद को दुकानें उपलब्ध करवाई जाऐं और उनसे बढ़ा हुआ किराया वसूल कर नगर निगम निगम की माली हालत को मजबूत करें। यह केवल एक क्षेत्र विशेष की बात नहीं है चारों दिशाओं में दुकानें है कुछ बिक नहीं रही है और जो बिकी है वह किराए से दी जा चुकी है। ऐसी स्थिति में नगर पालिक निगम को लाखों का नुकसान हो रहा है। यदि किराए की बजाए कोई दुकान बेच देता है तो नामांतरण में नगर निगम को लाखों का फायदा होगा लेकिन ऐसा न कर अधिकांश दुकानें किराये से दी गई है जिसकी जांच की जाकर कार्यवाही होनी चाहिए।

## सार-समाचार

### लावाघोघरी पुलिस ने 48 घंटे के भीतर गुमशुदा बालिका को किया दस्तयाब

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय (आई.पी.एस.) अति. पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात रामेश्वर चौबे के निर्देशन में थाना प्रभारी लावाघोघरी निरीक्षक आफ़्ताब खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य किया।

#### घटना का संक्षिप्त विवरण

एक नाबालिक बालिका अपने घर से बिना बताए लापता हो गई थी। जिसकी सूचना बालिका की माँ द्वारा चौकी साँवरी, थाना लावाघोघरी में दी गई। तत्काल गुम इंसान क्रमांक दर्ज कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा स्वयं के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर मजबूत सूचना तंत्र तैयार किया गया। टीम द्वारा लगातार पतासाजी कर 14 जून 2026 की शाम मात्र 48 घंटे के भीतर नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

#### सराहनीय भूमिका

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. आफ़्ताब खान, चौकी प्रभारी साँवरी उ.नि. मुकेश द्विवेदी, स.उ.नि. उषा जावरकर, प्र.आर. नितिन सिंह, पुलिस कार्यालय छिन्दवाड़ा, आर. विजय सनोडिया एवं आर. सियालाल की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा द्वारा संपूर्ण टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### पत्नी की हत्या के आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास और जुर्माना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 15 जून 2026, दिन सोमवार को अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के न्यायाधीश महेन्द्र मांगोदिया द्वारा थाना नवेगांव के सत्र प्रकरण क्रमांक एस.टी. 29/2025, अपराध क्रमांक 117/2025 में निर्णय पारित किया गया।

आरोपी वंशीराम पिता महादू पन्द्राम, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम मडकाढाना को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) के तहत सश्रम आजीवन कारावास' एवं 5,000/- (पांच हजार रुपये) अर्थदंड' से दंडित किया गया है।

#### घटना का संक्षिप्त विवरण

अपर लोक अभियोजक जुन्नारदेव पंकज श्रीवास्तव के अनुसार 02 जुलाई 2025 को ग्राम मडकाढाना के कोटवार द्वारा थाना नवेगांव को सूचना दी गई कि वंशीराम के मकान में उसकी पत्नी सरिता का शव मिला है। वंशीराम ने सरिता से सम्मेलन में शादी की थी।

पुलिस विवेचना में पाया गया कि 01 जुलाई 2025 की रात को सरिता मायके जाने की जिद कर रही थी। उसने वंशीराम से कहा कि तुमने शराब पीने की आदत नहीं छोड़ी तो मैं तुम्हें तलाक दे दूंगी। इसी बात से नाराज होकर वंशीराम ने लकड़ी से सरिता के आंख, सिर, माथे, कमर और पैरों पर लगातार वार कर हत्या कर दिया।

#### न्यायालयीन कार्यवाही

पुलिस द्वारा कुल 18 गवाह अभियोग पत्र में शामिल किए गए। 11 गवाहों का परीक्षण, अभियोजन द्वारा कराया गया। प्रकरण में कोई भी गवाह चश्मदीद नहीं था, परंतु परिस्थितिजन्य साक्ष्य की अटूट श्रृंखला से अपराध प्रमाणित हुआ। न्यायालय द्वारा लगभग 1 वर्ष में विचारण पूर्ण कर निर्णय सुनाया गया।

मध्यप्रदेश शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई। प्रकरण के विवेचक निरीक्षक उमेश मार्को, उपनिरीक्षक महेन्द्र शाक्य एवं उपनिरीक्षक तारूण मरकाम रहे।

### एफडीडीआई की बैठक में प्रथम नागरिक को मंच में नहीं बैठाया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक वृक्ष मित्र रविन्द्र कुशवाह ने सभागार से बाहर निकलकर कहा कि मुझे बड़ा दुख है कि यूसीसी जैसे महत्वपूर्ण बैठक में जहां समान नागरिक संहिता के सुझाव लिए जा रहे हो ऐसे समय पर शहर के प्रथम नागरिक महापौर विक्रम अहाके को मंच में नहीं बैठाया गया इससे मैं व्यक्तिगत रूप से आहत हूं। एक प्रथम नागरिक के नाते मंच पर बुलाया जाता और उनके हस्ते स्वागत करवाया जाता या दो शब्द बुलवाया जाता तो यह सम्मान की बात होती और गुस्से से रविन्द्र सिंह कुशवाह बैठक के बाद निकल गए।

### दमुआ पुलिस की शिकायत एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने की डीजीपी से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के कोयलाचंल क्षेत्र जुन्नारदेव सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाले थाना दमुआ में लगातार बढ़ रही अपराधिक गतिविधियों को लेकर एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने डी.जी.पी. से शिकायत की है कि वहां के कुछ निचला स्टाफ एवं थाना प्रभारी को तत्काल हटाया जाए अन्यथा यदि कोई बड़ी घटना यदि होती है तो इसका जवाबदार कौन होगा। पूर्व में दर्जनों घटनाऐं, हत्याऐं तो हुई है। हाल ही में दमुआ में हुई हत्या ने दमुआ को झकझोर दिया और लाईन आर्डर की स्थिति निर्मित हो गई। अच्छा हुआ कलेक्टर, एस.पी. ने संज्ञान लिया अन्यथा अप्रिय घटना हो जाती। इतना ही नहीं रेत माफिया इन दिनों खुलेआम उत्खन्न परिवहन कर रहे है।

## युवक कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव में भाजपा सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त के माध्यम से कांग्रेस की एक सीट की चोरी की है। जिससे आक्रोशित छिन्दवाड़ा युवक कांग्रेस ने जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी चौक पर जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका। युकां ने कहा कि अभी तक देश में वोट की चोरी जारी थी, अब भाजपा सीट की चोरी भी करने लगी है। घोटाले योजनाओं से निकलकर परीक्षाओं और भर्तियों तक पहुंच गए हैं।

कांग्रेस की अधिकृत राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने के विरोध में छिन्दवाड़ा में युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। महात्मा गांधी चौक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। मौके प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल वाटर केनन के साथ तैनात रही, लेकिन युवक कांग्रेस के जोश और आक्रोश के सामने वह भी नहीं टिक पाई और युवक कांग्रेस के उपस्थित जांबाज साथियों ने पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। इस दौरान युकां ने केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार के विरुद्ध भी जमकर नारेबाजी की।

आयोजित पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे तहसीलदार को युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष गोलू पटेल के नेतृत्व में उपस्थित युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन रद्द किए जाने के मामले की निष्पक्ष जांच और सुनवाई के लिए अवसर दिए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए युकां जिला अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि भाजपा हर चुनाव को चोरी और षड्यंत्र से जीत रही है यह तय हो चुका। इसका सबसे बड़ा व प्रत्यक्ष प्रमाण म.प्र. की राज्यसभा सीट की चोरी है। चुनाव आयोग इसमें पूरी तरह लिप्त है जिसके भरोसे भाजपा चुनाव जीतने का दम्भ भरती है। प्रदर्शन व ज्ञापन में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गोलू पटेल, युवा कांग्रेस प्रभारी एकलव्य यहके, जिला उपाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, विधानसभा अध्यक्ष विशेष पटेल, रजनीश मोहने, सौरभ ठाकुर, सुबोध पटेल, स्वामी पटेल, विधानसभा अध्यक्ष रिंकू पटेल, उत्कर्ष बाल्मिक, भूपेन्द्र पटेल,

## समान नागरिक संहिता के अध्ययन और परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक में लिए गए नागरिकों से सुझाव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** समान नागरिक संहिता का उद्देश्य देश के सभी नागरिकों के लिए व्यक्तिगत एवं पारिवारिक मामलों से जुड़े कानूनों में समानता, न्यायसंगतता और स्पष्टता सुनिश्चित करने की दिशा में एक समान विधिक व्यवस्था विकसित करना है। इसके अंतर्गत विवाह, विवाह विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार सहित अन्य व्यक्तिगत विधिक विषयों का अध्ययन कर एक संतुलित एवं व्यावहारिक व्यवस्था के संबंध में सुझाव तैयार किए जा रहे हैं।

इसी उद्देश्य को लेकर मध्यप्रदेश शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक कल 15 जून 2026 को एफ.डी.डी.आई. कॉलेज सभागृह, छिंदवाड़ा में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य बुधपाल सिंह का छिंदवाड़ा आगमन हुआ।

बैठक में नगर निगम महापौर विक्रम अहके, अजय सक्सेना, विजय पाण्डेय, संजय पटेल, भारती साहू, बार काउंसिल के अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, अंजुमल सदर अमसाल खान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी, पत्रकार, सेवानिवृत्त अधिकारी एवं सोशल वर्कर सहित कलेक्टर हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय, संयुक्त सचिव कविता बाटला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

समिति सदस्य बुधपाल सिंह ने बताया कि वर्तमान में मध्यप्रदेश सहित देश में विभिन्न व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विधियों के अंतर्गत विवाह, विवाह विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, लिविंग रिलेशन, धार्मिक स्वतंत्रता एवं अन्य संबंधित विषय अलग-अलग प्रावधानों के अनुसार संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में इन विधियों का समग्र परीक्षण कर ऐसी विधिक संरचना विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है, जिससे नागरिकों के बीच समानता, न्यायसंगतता एवं विधिक स्पष्टता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के विषय के विधिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक पहलुओं का विस्तृत अध्ययन कर उपयुक्त अनुशंसाएं प्रस्तुत करने के उद्देश्य से उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त कर रही है।

बैठक के दौरान सभागृह में उपस्थित नागरिकों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने समान नागरिक संहिता के संबंध में अपने विचार एवं सुझाव समिति के समक्ष रखे। नागरिकों ने संहिता के सामाजिक प्रभाव, व्यवहारिक पहलुओं और आवश्यक सुधारों को लेकर अपनी राय प्रस्तुत की।

बैठक के समापन अवसर पर कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता के संबंध में अधिक से अधिक नागरिक अपने सुझाव अवश्य दें। नागरिक ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट यू.सी.सी. डॉट एम.पी.डॉट जीओवी डॉट इन पर अपने सुझाव दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी, जहां पहुंचकर भी अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए जा सकते हैं। कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि नागरिकों की सहभागिता से प्राप्त सुझाव समिति के अध्ययन एवं परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।